
## खबर संक्षेप

### नगर में रही चाक-चौबंद व्यवस्था



**शहडोल।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर सम्पूर्ण नगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया है। शहर के मुख्य मंदिरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है, साथ ही पुलिस मोबाईल पेट्रोलिंग के जरिये शहर में लगातार भ्रमण किया जा रहा था। जुलूस एवं रैली की सुरक्षा व्यवस्था हेतु रैली के साथ पुलिस बलों की ड्यूटी लगाई गयी। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक एवं उनकी टीम मय बलवा ड्रिल सामग्री के द्वारा शहर के संवेदनशील एवं मुख्य क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

### जैन मंदिर में बांटे गये लड्डू



**शहडोल।** अयोध्या में राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जैन मंदिर के बाहर बांटे गए शुद्ध घी के ढाई क्विटल लड्डू जैन समाज द्वारा जिसमें वितरण किये गये, जैन समाज के सभी वरिष्ठ एवं युवक द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### अवैध रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर जप्त

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 21 जनवरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नौखडिया घाट सोन नदी से अवैध रूप से रेत लोड कर बुढ़ार की तरफ जाने वाला है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचे तो एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्रॉली में रेत लोड कर आते दिखा। ट्रैक्टर चालक पुलिस को आता देखकर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। जिस पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त वाहन को मय रेत लोड जप्त कर उक्त अज्ञात आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक चेतराम कौशिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** थाना सीधी क्षेत्रांतर्गत 21 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम छकता में दबिश देकर आरोपिया शिवचरण गोंड की पत्नी निवासी छकता के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपिया के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक मिथिला प्रसाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मेडिकल कॉलेज परिसर में भंडारे का आयोजन



**शहडोल।** मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन, आतिशबाजी, दीपावली तथा भंडारा का कार्यक्रम अयोजित किया गया, जिसमें बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महविधयालय के डीन डॉ. मिलिंद सिरालकर तथा डीन मैडम चित्रा सिलारकर, संस्था के सभी डॉक्टर तथा ब्लॉक के समस्त स्टॉफ एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

### गुरुद्वारे में सजे विशेष कीर्तन दीवान



**शहडोल।** भगवान श्रीराम जी के 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को समर्पित नगर सिख समाज द्वारा गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दिवान सजाए गए। इस अवसर पर पंजाब के लुधियाना से आए रागी मंजीत सिंह द्वारा गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दिवान सजाए गए। 22 जनवरी को सुबह 8 बजे से 8:45 तक गुरु घर के हजूरी रागी ज्ञानी धर्म सिंह जी ने कीर्तन किया।

# शिवम होटल में बनी महिला की अश्लील वीडियो की शिकायत पर मामला दर्ज

### उमरिया जिला चिकित्सालय के कर्मचारी ने मरीज की पत्नी को बनाया शिकार

### महिला थाने में मामला दर्ज, होटल संचालक भी रडार में

शहर के संभ्रात होटल में चोरी छिपे गंदे काम हो रहे हैं, यही नहीं महिलाओं के वीडियो और उन्हें ब्लैक मेल करने के मामले की शिकायत में बाद महिला थाने में मामला दर्ज हुआ है, अनूपपुर जिले की महिला के साथ उमरिया जिले के शासकीय कर्मी ने शहडोल के तथाकथित शिवम होटल में गंदा काम कर अश्लील वीडियो बनाई थी।




**शहडोल।**

महानगरों की तर्ज पर अब शहडोल मुख्यालय में भी लगातार घटनाएं कारित हो रही हैं, स्थानीय प्रशासन की हीलाहवाली के कारण शहडोल में स्थित कई होटलों में देह व्यापार की खबरें पहले भी आती रही हैं, रुपयों के खातिर होटलों में गंदे काम की छूट तथाकथित मालिकों ने दे रखी है, जिस कारण चोरी छिपे कारित हुए ये मामले तब पुलिस के संज्ञान में आते हैं, जब आपराधिक वारदात कारित हो चुकी होती हैं, शहडोल के रेलवे फाटक के समीप स्थित शिवम होटल में अनूपपुर जिले की एक महिला के साथ कई बार शारीरिक शोषण किया गया, इतना ही नहीं उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैक मेल किया गया और जब मांग पूरी नहीं हुई तो वीडियो वायरल कर दिया गया। पीड़ति महिला ने मामले की शिकायत महिला थाने में दी है, जिसके बाद आरोपी रोशन यादव निवासी वार्ड नम्बर-11 पानी टंकी के पास नौरोजाबाद तथा अजय साहू ओपीएम अमलाई के विरुद्ध आईपीसी की धारा 376, 376(2) (एन), 67 (ए) आईटी एक्ट के तहत अपराध कायम कर जांच शुरू की गई है।

#### कोरोना में हुई थी पति की मौत

पीड़ति ने महिला थाने में दी गई शिकायत में बताया कि कोरोना के समय उसके पति का स्वास्थ्य खराब होने पर उमरिया जिला चिकित्सालय में उपचार के लिये भर्ती कराया गया था, इसी दौरान आईसीयू वार्ड जिला चिकित्सालय उमरिया में कार्य कर रहे रोशन यादव से उसकी मुलाकात हुई, इलाज के दौरान ही पति की मौत हो गई थी, काफी समय अस्पताल में थे, जिस कारण मोबाइल नम्बर एक-दूसरे के पास स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों को लेकर दिये थे, पति की मौत के बाद वह लगातार फोन करता था, दोनों में काफी बातें होने लगी थीं।

#### शिवम होटल में की जबरदस्ती

पीड़ति महिला ने महिला पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि रोशन के द्वारा उसे कई बार फोन किया जाता रहा, पारिवारिक कार्यों से वह शहडोल आई थी, इस दौरान भी अप्रैल 2022 में उससे बात हुई और वह शहडोल आकर अपने साथ बातचीत के बहाने से रेलवे फाटक के पास शिवम होटल ले गया और एक कमरे में लेकर जबरदस्ती की, उक्त घटना के बाद भी दो से तीन बार इसी होटल में और एक बार नये बस स्टैण्ड के समीप स्थित एक होटल में लेकर गया था,उसने कब मेरा वीडिया बना लिया, इसकी मुझे जानकारी नहीं है, 14 जनवरी को मुझे मालूम पड़ा कि मेरा अश्लील वीडियो वायरल हो रहा है, जिसकी शिकायत मेरे द्वारा की जा रही है।

#### इनका कहना है

शिकायत पर एफआईआर हुई है, जांच का दायरा आगे बढ़ाया जायेगा, जिसमें शिवम होटल के मालिक और बस स्टैण्ड की एक होटल के संदर्भ में भी बयान के आधार पर अपराध कायम किये जा सकते हैं।

**कुमार प्रतीक**
**पुलिस अधीक्षक, शहडोल**



## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सेमरा में निकाला गया भव्य जुलूस



**मानपुर।**

श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 22 जनवरी को मानपुर नगर स्थित वार्ड क्रमांक-1 सेमरा में अक्षत कलश के साथ सुंदर झांकी के साथ निकाली गई, जिसमें राम सीता सहित लक्ष्मण सुंदर रथ निकालकर नगर के वार्ड क्रमांक-1 सेमरा की गलियों में जय श्रीराम के नारों से गूंजा वार्ड क्रमांक-एक, सेमरा में सुंदर रथ निकालकर गलियों में जय श्रीराम के नारों की गूंज रथ यात्रा का शुभारंभ ग्राम की गलियों से होते हुए भ्रमण कर पुनः भोला प्रसाद गुप्ता के घर के पास विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का समापन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक स्थित सेमरा निवासी सिद्धार्थ द्विवेदी के द्वारा बताया गया है कि हम प्रभु श्री राम की झांकी पूरे वार्ड क्रमांक-1 में भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया जिसमें मुख्य रूप से सिद्धार्थ द्विवेदी, भोला पटेल, सचिन पटेल, अमित पटेल, राजा द्विवेदी, पुष्पेंद्र द्विवेदी के साथ हजारों की तादाद में राम भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# पुल वर्षों से अधबने पड़े, सड़कों में गड्ढों की भरमार

## जनप्रतिनिधियों को चिंता नहीं, अफसर बेपरवाह, जनता हलाकान



फाइल फोटो



**शहडोल।**

संभाग के चाहे सीमावर्ती मार्ग हों अथवा बस्तियों की सड़कें हों सब जर्जर और बदहाल हैं। संभाग के अंदर करीब आधा दर्जन की संख्या में ऐसे पुल हैं जो वर्षों पहले शुरू हुए लेकिन आज तक नहीं बने। बरसात में आवाजाही के लिए भारी संकट खड़ा हो जाता है। शहडोल मानपुर मार्ग के पुल आज भी अपूर्ण हैं। जबकि इनका निर्माण लगभग 10 वर्षों पहले हुआ था। इसका खास कारण यह है कि जनता की परेशानियों से सांसद व विधायकों का कोई खास सरोकार नहीं है। उमरिया जिले के मानपुर विकासखण्ड को सीधे जोडऩे वाले 67 किमी. लम्बी सीसी रोड का निर्माण तो करीब एक दशक पूर्व हो गया था। लेकिन इसके बीच पडऩे वाली छोटी पुलियों में बड़े पुलों का निर्माण आज तक नहीं हो सका है।

#### एक दशक से निर्माणाधीन पुल

मेढ़की व बकेली ग्राम के समीप मुड़ना नदी के दो पुल निर्माणाधीन हैं। यहां आज भी पुरानी छोटी पुलियों से आवाजाही चल रही है। इस वर्ष अधिक वर्षा नहीं होने से आवागमन तो नही रुका फिर भी कठिनाई काफी हुई है। बरसात के समय इन पुलियों के ऊपर से पानी बहने लगता है और आवाजाही बाधित होती रहती है। इसके अलावा शहडोल का सोन नवलपुर पुल, अनूपपुर चचाई का सोन पुल तथा उमरिया जिले का एक पुल वर्षों से अधबने पड़े हैं। पूर्ण होने का नाम नही ले रहे हैं। तशासन ने इन्ही परेशानियों को देखते हुए आवाजाही को अबाध रखने के लिए पुलों का निर्माण प्रारंभ कराया था लेकिन यह पूरा नहीं हो रहा है। सूत्र बतलाते हैं कि सड़क के साथ ही ठेकेदार कंपनी को पुलों का निर्माण भी कराना था। उसने सड़क तो बना दी लेकिन पुल अधूरे पड़े हैं। कार्य कब तक पूर्ण होगा यह बताने वाला कोई नहीं।

#### समीपी गांवों की फजीहत

इस रोड पर कई नालों पर पुल बन रहे हैं। जो आज भी निर्माणाधीन हैं। बताया जाता है कि बरसात के समय में जब बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है और पुलियों के ऊपर से पानी बहने लगता है तब दर्जनों गांव संपर्क से कट जाते हैं। सबकी आवाजाही रुक जाती है। कई बार स्थिति अधिक खराब होने पर पुलिस बल तैनात किया जाता है। नदी नालों के आसपास दोनो ओर की आवाजाही रोक दी जाती है। जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती आवाजाही संभव नहीं हो पाती है।

#### सड़कों में खाईनुमा गड्ढे

संभाग मुख्यालय की वह सड़क जो झूला पुल होकर ठीक कमिश्नर बंगले के सामने से गुजरती है उसके परखच्चे उड़ चुके हैं। इस सड़क पर लगभग चौबीसो घंटे आवाजाही चलती है। डाक्टरों की कालोनी होने के कारण यहां दिन भर रोगियों और वाहनों की भीड़ लगी रहती है, एम्बुलेंस वाहन भी खड़े रहते हैं। इसी सड़क से दिन भर रेत परिवहन के लिए ट्रकों का आनाजाना होता है। यह सड़क गड्ढों में तबदील होती जा रही है। वाहन हिचकोले खाते हुए आते जाते हैं। सड़कों के दोनो छोर इतने क ट गए हैं कि साइड लेने में भी कठिनाई आती है। इसके अलावा हाइवे की हालत देखी जा सकती है, कोटमा तिराहे के समीप और जिला अदालत के पास श्मशान घाट के सामने सड़क उखड़ कर लुप्त सी हो गई है।

#### कोयला परिवहन से हाल बे हाल

बुढ़ार-धनपुरी कोयलांचल की ओर जाने वाली सड़कों का हाल तो वर्षों से बेहाल है। न प्रशासन ध्यान देता है और न कालरी प्रबंधन सुनता है। कोयले के ओव्हरलोड वाहन चौबीसो घंटे इन सड़कों पर चलते हैं। जिससे सड़कों की हालत खस्ता हो जाती है। कालरी प्रशासन हर बार एक तोता रटंत जवाब देता है कि बस टेण्डर किया जा रहा है। लेकिन निर्माण कभी चालू नहीं होता है। इसके अलावा अन्य जगहों में भी स्थिति ठीक नहीं है। मानपुर के लिए जो सड़क बनवाई गई वह धीरे धीरे जर्जर होने लगी है। बताते हैं कि सड़क का निर्माण भी गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ है। ठेका कंपनी ने एमपीआरडीसी के अफसरों से साठगांठ कर घटिया कार्य कराया है। इस सड़क के बन जाने से मानपुर की आवाजाही में करीब 15 किमी की कमी आई है। यहां से बांधवगढ़ पार्क जाने वाले भी सीधे आवाजाही कर सकते हैं। लेकिन सड़क की आवाजाही जब बारहों महीने सुचारु रहे तब सड़क का लाभ मिल सकेगा।

# आयुष सेंटर के आसपास गंदगी की भरमार, सड़ांध उठ रही

## रोगियों व राहगीरों को हो रही असुविधा, अधिकारी उदासीन

**शहडोल।**

आयुष सेंटर के सामने की जमीन को लोग शायद निस्तारी भूमि समझ रहे हैं। जिला अस्पताल परिसर में संचालित यह सेंटर उपेक्षाओं के चलते इधर एक अर्से से बदहाल है। इसकी साफ सफाई और रख-रखाव का जिम्मा जिला अस्पताल प्रबंधन पर है। लेकिन सिविल सर्जन की लापरवाही के कारण सेंटर के सामने ही पेशाब और गंदा पानी बिखरा रहता है। जिससे सड़ांध उठती रहती है और आयुष सेंटर आने वाले रोगियों तथा वहां स्टाफ को असुविधा होती है। ज्ञातव्य है कि जिला अस्पताल में हर साल सफाई के लिए लाखों रुपए का ठेका दिया जाता है लेकिन इंदौर की यह आउट सोर्स कंपनी सफाई कार्य में हीलाहवाली करती है। सफाई व्यवस्था के संचालक अफसरों की चाटुकारिता में दिन गुजार रहे हैं।

#### क्या है आयुष सेंटर का उद्देश्य

केन्द्र सरकार की मंशा थी कि यदि एलोपैथी और आयुर्वेद चिकित्सा केन्द्र एक ही जगह संचालित होंगे तो रोगी अपनी इच्छानुसार इलाज करा सकता है। वह चाहे तो आयुर्वेद का इलाज कराए और उसकी इच्छा हो तो वह एलोपैथी इलाज कराए। लगभग 10 वर्षों पूर्व अस्पताल परिसर में लाखों रुपए खर्च कर इस भवन का निर्माण कराकर यहां आयुर्वेद उपचार शुरू कराया गया था। लेकिन यह सेंटर धीरे धीरे उपेक्षा का शिकार हो गया। यह संचालित तो अभी भी है।



लेकिन अब यहां रोजाना नहीं बल्कि सप्ताह में दो दिन ही डाक्टर बैठते हैं। शेष दिनों में यहां महिला फर्मासिस्ट मौजूद रहती है जो रोगियों को साधारण सर्दी खांसी और पेट की तकलीफों के लिए दवा देती रहती है।

#### बिखरा पड़ा मूत्र व गंदा पानी

आयुष सेंटर के सामने पेशाब व गंदे पानी की भरमार रहती है। जिससे यहां सड़ांध सी उठती रहती है। इसके सामने ही सुलभ शौचालय संचालित है लेकिन लोग वहां न जाकर सेंटर के सामने ही पेशाब कर देते हैं। लोग इसी ओर आकर हांथ मुह धोते हैं ओर गंदा पानी फेंक देते हैं। जिससे चौबीसो घंटे गंदगी बजबजाती रहती है। आयुष सेंटर के सामने ही अस्पताल का स्टोर है। यहां पदस्थ कर्मचारी बतलाते हैं कि यहां दिनभर बदबू बनी रहती है और बैठना दूभर है। इस तरफ न तो सफाईकर्मी आते हैं और न कभी सफाई होती है। जिला अस्पताल प्रबंधन इस पोर्शन की सफाई कराना शायद जरूरी नहीं मानता है।

#### सफाई की मॉनीटरिंग नहीं

पूरे अस्पताल परिसर की सफाई के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन हर साल लाखों रुपए का ठेका देता है, लेकिन वह कभी यह नहीं देखता कि सफाई कहां कहां और किस तरह से की जा रही है। सफाई कर्मी केवल जिला अस्पताल के सामने के हिस्से में और अंदर ओपीडी के सामने झाड़ू लगाकर छुट्टी पा लेते हैं। अस्पताल के लेट्रिन रूम और अंदर की नालियों की हालत देखी जा सकती है, जहां नर्क से भी बदतर स्थिति है। हैरानी की बात यह है कि सिविल सर्जन और उनका स्टाफ कभी मॉनीटरिंग तक नहीं करता है। अस्पताल का गीला कचरा, सूखा कचरा व बायोमेडिकल बेस्ट कितना और कैसे उठाया जा रहा है यह देखने की फुर्सत भी किसी को नहीं है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल एवं महाविद्यालयों में भी रहा अवकाश

**कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग ने अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजन के उपलक्ष्य में 22 जनवरी सोमवार को प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पूर्ण दिवस का अवकाश घोषित किया था। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी विद्यालयों में सोमवार 22 जनवरी, 2024 को अवकाश घोषित किया था। यह अवकाश अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए घोषित किया गया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए मासांत तक मौका

**कटनी।** एमपीटॉस पोर्टल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास नवीन एवं नवीनकरण आवेदन एवं डाटा अपलोड करने के लिए पूर्व निर्धारित तिथि को अब बढ़ाकर 31 जनवरी 2024 कर दिया गया है। इस संबंध में जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि शैक्षणिक सत्र वर्ष 2023-24 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास नवीन एवं नवीनकरण आवेदन एवं डाटा अपलोड करने के लिए आगामी 31 जनवरी की नवीन तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों से भी निर्धारित तिथि तक डाटा अपलोड करने तथा विद्यार्थियों से आवेदन कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं होने पर संबंधित संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनहितैषी योजनाओं का संचालन

**कटनी।** केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कई जनहितैषी योजनाओं का संचालन किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संचालित प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हेल्थ कार्ड और उन्नत कृषि यंत्र से संबंधित गतिविधियां शामिल हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्रों के लिए पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैण्ड अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना तथा आरसीएम योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियां शामिल हैं।

### 12 परीक्षा केंद्रों में 3006 विद्यार्थी हुए शामिल

**कटनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 शनिवार को 12 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त परीक्षा हेतु जिले के कुल 3498 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इन विद्यार्थियों में से शनिवार को आयोजित परीक्षा के दौरान कुल 3006 विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। शेष 492 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के बैठने संबंधी और अन्य सहायता की व्यवस्था अच्छी प्रकार से की गई। केंद्रों का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी सिंह ,सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी के द्वारा किया गया। परीक्षा उपरांत विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य था। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता की आशा जताई। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों से परीक्षा को लेकर उनके अनुभव पूछे और उन्हें उनके परीक्षा परिणामों के लिए शुभकामनाएं दी।

---

नगर में लक्ष्मी नारायण मंदिर, राम मन्दिर, ज्वालामुखी मंदिर सागेश्वर धाम सहित सार्वजनिक स्थलों में पूजा अर्चना के साथ ही सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया

# जिले भर में भगवान श्री राम की अयोध्या में प्रतिष्ठा की रही धूम





**उमरिया।** प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में की गई, विगत कई दिनों से जिला भर में विभिन्न मंदिरों में पूजा, पाठ, कीर्तन के कार्यक्रमों की धूम रही, आज 22 जनवरी को जिले भर प्रभात फेरियो का आयोजन, जुलूस, भजन कीर्तन आदि के आयोजन किये गए, कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, डॉ. के. के. पाण्डेय, सुशील मिश्रा, गजेंद्र द्विवेदी सहित पत्रकारों के साथ कलेक्टर कालोनी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की, इसके बाद संयुक्त कलेक्टर परिसर में जन अभियान परिषद की बहनों द्वारा भगवान श्री राम एवं सीता की पूजा-अर्चना की तथा पुष्प अर्पित किये, उन्होंने नगर स्थित चंदेल होटल के सामने आमजन के साथ बैठकर अयोध्या से लाइव प्रसारण देखा एवं सुना।





## भक्तो के साथ बैठकर अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना

### कलेक्टर, एसपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने की बिरासिनी मंदिर में पूजा अर्चना





**उमरिया।** अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने शासकीय अधिकारियों एवं पत्रकारों के साथ पूजा-अर्चना की तथा जिले वासियों सहित देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की, मंदिर प्रांगण में जन प्रतिनिधियों, राम भक्तों के साथ बैठकर अयोध्या से प्रसारित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना, इस अवसर दिलीप पांडे, प्रकाश पालीवाल, मंदिर के ट्रस्टी, एसडीएम टी.आर. नाग, तहसीलदार दिलीप सोनी, उप संचालाक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. के. के. पाण्डेय, डीपीसी सुशील मिश्रा, जन अभियान के जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ल, सीएमओ पाली भूपेंद्र सिंह सहित गणमान्य नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित थे। इसी तरह जनपद पंचायत मानपुर में मानस पाठ का आयोजन एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानपुर एसडीएम कमलेश पुरी, तहसीलदार मानपुर, सीईओ मानपुर राजेन्द्र शुक्ला एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

---

# राजनगर महाविद्यालय में छात्रों ने राम-चरित्र पर किया लघु नाटक का अभिनय



**राजनगर।** शासकीय महाविद्यालय राजनगर में भगवान श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शान द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार महाविद्यालय में हो रहे। विधिक कार्यक्रम के तहत 18 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय राजनगर में विद्यार्थियों के माध्यम से राम चरित्र पर लघु नाटक का अभिनय किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ.पूनम बैस ने कहा कि श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के दौरान प्रत्येक आस्था के केन्दो पर तथा शिक्षा के संस्थानों में श्री राम पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का भजन, कीर्तन, रैली, निबंध, प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा रंगोली आदि का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. माया पारस कहा कि यह अवसर एक नया वातावरण में नए परिवेश, नहीं पहचान या कहे कि यह त्रेता युग का एहसास दिला रहा है। प्रत्येक नागरिक में भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारी उमंग देखने को मिल रहा है, वही महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटिका में विभिन्न पोशाको में नजर आए। जो अति मनोहारी चित्रण था।

# पद्मश्री विभूषित जोधईया बाई के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे कलेक्टर - एसपी





**उमरिया।** प्रख्यात चित्रकार जोधाइया बाई का 21 जनवरी को अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर जिला चिकित्सालय के प्रायवेट वार्ड में भर्ती कराया गया था, जिनकी चिकित्सा की जा रही है, कलेक्टर बुध्देश कुमार वैद्य जिला चिकित्सालय पहुंचकर जोधईया बाई के स्वास्थ्य की जानकारी चिकित्सकों से प्राप्त की, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. मेहरा, सिविल सर्जन डॉ. के. सी. सोनी ने बताया कि पैरालिसियस का बायें भाग में हलका अटैक आया है, अब धीरे-धीरे स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, कलेक्टर ने जोधईया बाई से भी बात कर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा चिकित्सकों को निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर उपयुक्त अस्पताल के लिए रेफर करने में देरी नहीं की जाये, इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी तथा परिवार जन उपस्थित थे।

---

# राम के रंग मे रंगा नजर आया कोयलांचल

## जगह जगह हुआ विशाल भण्डारा, उत्सव जैसा माहौल



**अनूपपुर/कोतमा।** श्री राम जन्मभूमि स्थल पर भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले सहित कोलांचल क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में उत्सव माहौल देखने को मिल रहा था। कोतमा नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया था क्या हुआ फूलों की सुगंध के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम और रह रहकर जय श्री राम का उद्‌घोष त्रेता युग की अनुभूत ए कर रहे थे। कड़ाके की ठंड पर आस्था की सुनामी भारी पड़ रही है। सुबह से ही नगर में जगह-जगह तैयारी की जा रही थी नगर को दुल्हन जैसा सजाया जा रहा था नगर में जगह-जगह तोरण द्वार झंडिया एवं फूलों से नगर को सजाया जा रहा था। ऐसा लग रहा था कि जनवरी माह में ही दीपावली का उत्सव नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र में मनाने की तैयारी की जा रही है।

### सजाया रंगोली

नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र में सुबह से ही महिला एवं बच्चियों घरों के सामने गोबर पोत कर छुही मिट्टी से घरों के सामने द्वारा को लीप रंगोली सजाने का कार्य कर रही थी। महिला एवं बच्चियों ने अपने-अपने घरों के सामने एक से बढ़कर एक रंगोली की डिजाइन बनाकर घरों को सजा रही थी । वहीं कुछ लोग अपने-अपने घरों में कला एवं आम के पत्तों से घरों को सजाने का कार्य कर रहे थे।

### आकर्षक साज सज्जा

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में आकर्षक साथ सजा की गई थी। नगर के मंदिरों को फूलों से सजाया गया था। मंदिरों एवं घरों को रोशनी से जगमगा दिया गया था ऐसा लग रहा था मानो दीपावली का माहौल हो। सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे नए-नए पायदान पहनकर घरों के सामने एवं बाजारों में घूमते नजर आए।

### एलईडी से सीधा प्रसारण

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के पंचायती मंदिर में एलईडी की व्यवस्था करते हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाई जा रहा था। जैसे ही अयोध्या में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शुरू हुई पंचायती मंदिर में महिलाओं एवं पुरुषों की भारी भीड़ लग गई एलईडी के सामने खड़े होकर लोगों ने लाइव प्रसारण देखा और भगवान श्री राम की आरती उतारते हुए पूजा कर जय श्री राम के नारे लगाए।

### हुआ जागरण

भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक दिन पूर्व रविवार को नगर पालिका के द्वारा हृदय स्थल गांधी चौक में भजन संध्या जागरण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्री राम एवं सीता की जीवंत झांकी बनाते हुए महा आरती की गई। जागरण कार्यक्रम में मेरे झोपड़े में आएंगे राम तो भाग खुल जाएगा के गाने गूंज मन हो रहे थे। भगवान श्री राम एवं हनुमान के जयकारे लोग लगाते नजर आए।

### आयोजित किए गए कार्यक्रम

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक दिन पूर्व रविवार से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में रामायण पाठ हनुमान चालीसा भजन के साथ ही अखंड मानस पाठ आयोजित किए गए जिनका समापन सोमवार को किया गया। नगर के पुरानी बस्ती स्थित शिव सागर तालाब में लाइटिंग शो का आयोजन किया गया था। भव्य लाइटिंग से पूरा मंदिर परिसर एवं तालाब रोशनी के बीच जगमगाता नजर आया। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को बीच विधान से की गई आम से लेकर खास तक दीपावली जैसा सेलिब्रेशन करते नजर आये। लोग अपने घरों को सजाये हुए थे। लोग घरों के बाहर शाम से ही दिए जला रहे थे। खास रोशनी की व्यवस्था की गई थी। शिवसागर धाम तालाब में शाम को 2100 दिए जलाकर भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर दीपोत्सव मना रहे थे।

### निकली शोभा यात्रा

नगर के बस स्टैंड से भगवान श्री राम की जीवांत झाकी सजाकर शोभायात्रा निकाली गई जो बस स्टैंड होते हुए जकीरा चौक होते हुए शारदा काली मंदिर गांधी चौक गांधी चौक में महा आरती के बाद वापस शिवसागर धाम पहुंचकर लाइटिंग शो का आयोजन किया गया उसके बाद रामायण पाठ उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जुलूस में भगवान हनुमान जी 10 फीट के जीवंत रूप से बाहर से आए कलाकारों के द्वारा बने हुए थे साथ में छोटे-छोटे 50 बंदर भी बनाए गए थे जो झांकी के साथ नगर भ्रमण करते हुए नजर आए। राम भक्तों के द्वारा शोभायात्रा में भगवान श्री राम के जयकारे लगाते नजर आए।

### नगर पालिका ने हटाया दुकानों को

सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली जानी थी जिसकी व्यवस्था में सुबह से ही सीएमओ प्रदीप झारिया अपने कर्मचारियों के साथ बाजार में घूमते नजर आए सुबह से ही सड़कों पर लगाए जाने वाले दुकानदारों को अन्य जगह दुकान लगाए जाने के निर्देश दे रहे थे बाजारों में बेतरतीब खड़े वाहनों को व्यवस्थित खड़ा करवाया जा रहा था। नगर की गलियों में साफ सफाई करवाते हुए चूना डलवाया गया।

### चाक चौबंद रही पुलिस व्यवस्था

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक दिन त्रपूर्व रविवार की शाम शहडोल संभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक डीसी सागर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह थाना प्रभारी के साथ नगर की गलियों में फ्लैग मार्च निकाला और जनता को शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की। सोमवार को सुबह से ही नगर के मंदिरों एवं नगर त्रके विभिन्न चौराहा में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी वही मोबाइल पार्टी के द्वारा नगर में घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा था।

### जमुना स्टाफ हनुमान मंदिर से निकली रामलला की रैली



**जमुना।** अयोध्या में श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में ग्राम पसान मे शिव गौरी मंदिर प्रांगण में विविध कार्यक्रम भंडारे के साथ रामलला की रैली निकाली गई। जमुना कॉलोनी जमुना स्टाफ हनुमान मंदिर से को ऑपरेटिव दुर्गा मंदिर होते हुए महिलाएं व पुरुष एवं बच्चे भारी भीड़ में जमुना सकोला बदरा एवं सरस्वती स्कूल के बच्चे फेरी लगाते हुए श्री राम जी के नारे और गाजी बजे से जय श्री राम का नारा लगाते हुए फेरी किया और कुसियारा चौराहा के पास हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर रामायण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शामिल राजू गुप्ता, सुखविंदर सिंह, शैलेंद्र विश्वकर्मा, राहुल सोलंकी, राजकुमार साहू, सुमन गुप्ता, मालती वर्मा, दिवाकर विश्वकर्मा, सत्यभान, संतोष घोष, ठेकेदार राजेंद्र विश्वकर्मा, किशोर तिवारी, बाबा छोटू संजय मास्टर राजकुमार अग्रवाल, आशीष, रिंकेश राहुल अग्रवाल, और संजू शामिल हुये।

### राष्ट्रीय महाकाल सेवा ने निकाली कलश यात्रा, की पूजा अर्चना





**जमुना/बदरा।** पसान में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 21 जनवरी को राष्ट्रीय महाकाल सेना महिला मोर्चा संगठन की प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी देवी मिश्रा पदाधिकारी एवं अपने समस्त मातृशक्ति नगरवासी अन्य महिला संगठन मित्र मंडली के साथ कलश रथ यात्रा में बड़ी धूमधाम से गाजे बाजे के साथ पसान से भ्रमण करते हुए राम जानकी मंदिर जमुना कॉलोनी तक जा पहुंची। उक्त कार्यक्रम का आयोजन समस्त राष्ट्रीय महाकाल सेवा समस्त महिला मोर्चा संगठन पसान के द्वारा किया गया था जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा गुड्डू मिश्रा व उनके सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। तत्पश्चात राष्ट्रीय महाकाल सेवा की महिलाएं मां दुर्पता मंदिर पसान से युक्त कलश यात्रा रथ के द्वारा राम मंदिर जमुना कॉलोनी तक आया जिसमें राम लक्ष्मण सीता हनुमान के वेश में प्रभु श्री राम मौजूद रहे। इस विशाल कलश यात्रा में महिलाओं ने पर चढ़कर हिस्सा लिया इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति में माहौल से सराबोर रहा इसके बाद भंडारा प्रसाद ग्रहण किया गया।

### ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल को सजाया गया

**कोतमा।** अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल को लाइटिंग करते हुए भव्य सजाया गया था। स्कूल परिसर में चारों तरफ रंगोली सजाई गई थी। 108 दीए जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाया जा रहा था। ग्रीनलैंड स्कूल के संचालक शब्बीर हुसैन बोहरा एवं हमजा के द्वारा भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भगवान श्री राम की प्रतिमा की बीच विधान से पूजन अर्चन करते हुए आरती उतारी गई एवं भगवान श्री राम के जयकारे के नारे भी लगाए गए।



## खबर संक्षेप



### भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़ी भीड़

**ब्यौहारी ।** जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत मऊ चिपडनाथ धाम में अनुपम जी महाराज द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है कथा के अंतिम दिन उन्होंने सुदामा चरित्र की कथा सुनाई उन्होंने कहा कि सुदामा जब घर से निकले तो थोड़ी ही देर में थक करके एक पेड़ के नीचे सो गए और जब अपनी नजर खोलते हैं तो द्वारिका नगरी वह पहुंच चुके होते हैं उनके सोने के दौरान भगवान कृष्ण ने अपनी योग माया से उन्हें द्वारिका पहुंचा दिया ताकि उनके मित्र को किसी तरह से कष्ट ना हो द्वारिका पहुंचने पर उन्होंने अपने हाथों से सुदामा के पैर धोए कृष्ण और सुदामा की मित्रता आज के लिए प्रेरणा स्रोत बन सकती है की मित्रता हैसियत देखकर नहीं की जाती कहां द्वारकाधीश श्री कृष्णा और कहां गरीब सुदामाकलाकारों ने मोहा मन - भागवत कथा के दौरान सुदामा चरित्र में कलाकारों द्वारा सुदामा श्री कृष्ण, द्वारपाल एवं रुक्मणी का रूप धारण किए हुए थे भक्त उन्हें ही श्री कृष्णा और सुदामा मानकर उन पर द्रव्य चढ़ा कर उनका भी आशीर्वाद ले रहे थे सुदामा द्वारा कथा श्रवण कर्ताओं से भिक्षा भी मांगी और अपने नृत्य से सब का मन मोह लिया भागवत कथा का भंडारा 22 जनवरी को होगा कथा की व्यवस्थाओं में भैया द्विवेदी मुख्य पुजारी चिपाडनाथ,मृगेंद्र सिंह,विकास तिवारी,सुनील तिवारी पुजारी,आदि लोगों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### राम, लक्ष्मण, सीता की झांकी सजाकर निकला गया भव्य जुलूस



**व्योहारी।** 22 जनवरी को भव्य जुलूस निकाला गया दिन सोमवार को श्रद्धालु अस्त्र शस्त्र और बिसल बजरंगी झंडेके साथ लक्ष्मी नारायण मंदिर पर इकट्ठे हुए साथ में जय श्री राम के नारे के साथ व्योहारी भग्तिमय हो गया, इस उत्सव भरे माहौल के दौरान कोई अप्रिय घटाना ना हो, इसे ध्यान में रखते हुए शहडोल जिला, के प्रशासन की ओर से सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ,अयोध्या के राम मंदिर का बना प्ररूप,व्योहारी ,में इस जुलूस में भगवान राम की बिसाल तसबीर और अयोध्या के निर्माण देना राम मंदिर के प्रारूप को झांकी में शामिल किया जो लोगों के लिए खास है आकर्षण केंद्र रहा शोभायात्रा शहर के हृदय इस्थाली स्थल में निकली जुलूस ध्वज और पटाखों के साथ निकाली शोभायात्रा जय श्री राम के जयकारे से गूंजेता रहा साथ में डीजे भी बजे, सोभायात्रा में एवं अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की उत्साहित से व्योहारी में झांकी निकला गया जिसे देखने के लिए लोग काफी उत्साहित दिखे , सोभायात्रा में अपर भीड़ उमड़ी बड़ी संख्या में पुरुष ,वा महिलाए ,और बच्चो ने सामिल होकर भगवान राम की सोभायात्रा की सोभा बढ़ाई,,,,,,सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम,,,,,जुलूस के दौरान सुरक्षा के खास इंतजाम देखने को मिला जगह जगह , थाना प्रभारी व्योहारी श्री मुन्ना लाल राहंगडाले जी की अहम भूमिका रही, विधायक ,शरद जुगलाल कोल, SDM व्योहारी ,नरेंद्र सिंह धुर्वे , एवं उच्च अधिकारी उपस्थित रहे जिसमे थाना प्रभारी के द्वारा जगह-जगह पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात कर दिये गए।

## अयोध्या में विराजे प्रभु राम

# कोयलांचल में गूंजा जय श्री राम





### धनपुरी एवं सोहागपुर कोयलांचल के सभी मंदिरों में हुई विशेष पूजा और जगह-जगह भंडारे

### आजाद चौक में एक हजार दिए जलाकर दीपोत्सव मनाया गया

धनपुरी।

जिला अंतर्गत सोहागपुर कोयलांचल में श्री रामलला भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई तथा जगह-जगह भंडारे आयोजित कर अयोध्या उत्सव मनाया गया। देश के मुखिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश और प्रदेश की भांति समूचे कोयलांचल में भी दीपोत्सव पर्व मनाये जाने की भी व्यापक तैयारियां की गई है। धार्मिक स्थलों मंदिरों के साथ ही लोगों ने अपने घरों की भी साफ सफाई और साज सज्जा की है साथ ही राम के नाम पर आजाद चौक में हजारों दीप जगमगाएंगे और राम राज्य की स्थापना का जश्न मनाएंगे।

#### रामलला की गर्भगृह में हुई स्थापना

राम मंदिर के गर्भगृह में भगवान रामलला के श्यामल रंग की 51 इंच की प्रतिमा को विराजित किया गया है. जो भगवान राम के पांच वर्षीय बाल स्वरूप की है. इसका वजन 200 किलोग्राम है. पीएम मोदी ने पूरे विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा के सभी अनुष्ठान किए. जिसके बाद रामलला गर्भगृह में स्थापित हो गए हैं.।

#### राधाकृष्ण मंदिर में पूजा

श्री राधे कृष्ण मंदिर में सुबह से ही हिंदू धार्मिक संस्था अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल मंदिर पहुंचकर व्यवस्था में लग रहे नगर पालिका इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, रविंदर कौर छाबड़ा, नगर पालिका सीएमओ प्रभात बरकड़े, इंजीनियर राजेश पांडे, बृजवासी अग्रवाल,अकाउंटेंट पीयूष, पुरुषोत्तम गुप्ता राम विशाल नापित पत्रकार राजू अग्रवाल, लक्ष्मन सोनी, एसपी सिंह राकेश तिवारी रवि कश्यप, गणेश गुप्ता, गोकुल अग्रवाल,अनिल जयसवाल, राजेश अग्रवाल, सुजीत जायसवाल, तिलकराज सोनी, ओम प्रकाश सोनी विनोद रजक आदि लोग उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचें और भगवान के दर्शन लाभ प्राप्त किए। इस अवसर पर भंडारे के रूप में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर प्रसाद ग्रहण किया।



#### तीन दिनों की तैयारी

अयोध्या में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर धनपुरी कोयलांचल विशेष मंदिरों में भी पूजा पाठ की तैयारी जोर शोर से दो-तीन दिन पूर्व से ही की जा रही थी आज सुबह से मंदिर में भक्तों का तता लग रहा। धनपुरी नगर पालिका अध्यक्ष रविंदर कौर छाबड़ा और इंद्रजीत सिंह छाबड़ा के द्वारा राधा कृष्ण मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में पूजा संपन्न कराया गया। ज्वालामुखी मंदिर, विलियम नंबर 1 वार्ड नंबर 5 काली मंदिर, समिति के अध्यक्ष एसपी सिंह के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया,1नंबर वार्ड नंबर 6,शंकर मंदिर मे बजरंग संघ के द्वारा शुभ मुहूर्त में पूजा पाठ किया गया, रीजनल हॉस्पिटल कॉलोनी महिला मंडल के द्वारा पूजा पाठ किया गया।

#### लाइव प्रसारण

धनपुरी कोयलांचल के अन्य मंदिरों में भी अयोध्या नवनिर्मित भव्य मंदिर का सीधा प्रसारण लाइव स्क्रीन पर देखने की सुविधा मंदिर में स्क्रीन पर बनाई गई थी जैसे ही शुभ मुहूर्त की घड़ी आई मंदिर में हजारों की संख्या में उपस्थित जनों ने भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा का दर्शन पाकर धन हुए। जय श्री राम जय करें से पूरा नगर गूंज उठा।

#### जगह-जगह भंडारे

श्रीराधा कृष्ण मंदिर, गोल बाजार, आजाद चौक, नरगडा नदी पास में धार्मिक संस्था के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया था जहां हजारों की संख्या में लोगों ने भंडारा ग्रहण किया खिचड़ी खीर पूडी हलवा चना, का वितरण किया गया। श्री बजरंग संघ के द्वारा विशाल शोभा यात्रा फोर व्हीलर वाहन में श्री राम,लक्ष्मन, सीता हनुमान विराजमान थे श्री राम के जयकारे उसे जनों को काफिला लाल पताके फहरे नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर में पहुंचे भंडारा ग्रहण की वही आजाद चौक में भी भंडारा ग्रहण किया इसी तरह से आज पूरा नगर भक्ति मे डूबा रहा।



### राममय हुआ अमलाई क्षेत्र, जगह जगह भगवा और श्रीराम के झंडे लगाए गए

**अमलाई।** अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र के लोगो मे काफी उत्साह देखा गया जगह जगह मंदिरों की सफाई कर मंदिरों को भगवा झंडों से सजाया गया साथ ही नगर के चौराहों को भगवा और श्रीराम के झंडों से सजाया गया। क्षेत्र में सुबह से ही रामधुन के गाने बजते रहे। नगर परिषद बकहो में हनुमान मंदिर और अन्य मंदिरों में साज सज्जा की गई और रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन आदि का आयोजन किया गया। क्षेत्र के प्रतिष्ठित सूर्या मॉल ने इस दिन को यादगार बनाने के लिए ग्राहकों के लिए उपहारों की बरसात कर दी। साथ ही रावल मार्केट के मुख्य चैराहे पर युवाओं द्वारा खीर बंटवाया गया। ओरिएंट पेपर मिल्स में भी ठेका श्रमिकों को ठेका सुपरवाइजरों द्वारा सुबह और शाम को लड्डू बंटवाया गया। नगर परिषद बरगवां अमलाई के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में बीते चार दिनों से राम कथा का आयोजन कर भंडारे का आयोजन किया गया गांधीनगर स्थित दुर्गा स्टेज प्रांगण में बने हनुमान मंदिर को भगवा झंडों से सजाया गया साथ सड़क को भी सजाया गया साथ ही दोपहर बाद रैली निकाली गई जो नगर भ्रमण कर हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इसी प्रकार अमलाई के दुर्गा मंदिर चौक को भी भगवा और श्रीराम के झंडों से सजाकर राममय किया गया यहां 23 जनवरी को मां शारदे जागरण मंडल द्वारा एक शाम श्रीराम के नाम कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है।

## राम मय हुआ नगर हर गली मुहल्ले में बस एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम









### 11 सौ दीपों से जगमगाया श्री राम जानकी मंदिर

बुढ़ार।

श्री राम लला की जन्मभूमि अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को भगवान श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों एवं देवालय को रंग बिरंगी विधुत की छटा से सजाया हर गली मुहल्ले में धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही कहीं अखण्ड रामायण तो कहीं राम दरबार सजाया गया साथ ही नगर के प्रमुख मंदिर में तथा चौराहे पर भण्डार का आयोजन धर्म प्रेमियों के द्वारा आयोजित किया गया। नगर में कलश यात्रा प्रभात फेरी भजन संध्या सुन्दर काण्ड पाठ आरती,दीप प्रज्ज्वलित कर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

श्रीराम जानकी मंदिर के मंहत श्रीराम बालक दास महाराज जी प्राण प्रतिष्ठा के लेकर कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि आज 22 जनवरी को ठाकुर जी सत्य सनातन धर्म के सकल इतिहास में एक सबसे बड़ी पावन घड़ी के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्री राम 14 बर्ष का वनवास और लंका -विजयी के उपरांत अवधपुरी अयोध्या में वापस पदार्पण किया था और वर्तमान की सर्वोत्तम दिव्य घड़ी आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत वासियों को सकार करते हुए सौगात दी है।

कालेज तिराहे से विशाल जुलुस बाजें गाजे एवं राम भक्त के द्वारा श्री राम, लक्ष्मण, सीता मईयां की झांकी रथ में सवार होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री राम जांनकी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। हजारों की तादाद में महिलाएं एवं पुरुष जुलुस में शामिल रहे।

#### चाक चौबंद रही पुलिस व्यवस्था

पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अभिनव मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने मंदिरों एवं जुलुस में सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में सुरक्षा कर्मी तैनात रहे जिससे कोई अप्रिय घटनाएं नहीं हुई।

# रामलला स्थापना पर दशरथ घाट मे धार्मिक उत्सव संपन्न







बिरसिहपुर पाली

अयोध्या में राम जन्म भूमि पर रामलला के स्थापना के पावन अवसर पर रामपथ गमन स्थल दशरथ घाट मे धार्मिक उत्सव मनाया गया ।इस अवसर पर वृहद कार्यक्रम आयोजित किए गए ,जिसमे ग्रामवासियों का अपूर्व उत्साह देखने को मिला ।इस पुनीत अवसर पर उमरिया जिले की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री ज्ञानवती सिंह ने पहुंचकर भगवान श्री राम के चरणों की पूजा आराधना की ।विदित होवे कि उमरिया जिले के पाली विकास खंड की आखिरी छोर पर स्थित खिचखिडी ग्राम पंचायत के कैल्हारी के समीप संभाग की दो प्रमुख सोन और जोहिला नदियों का संगम स्थल जो कि अमरकंटक की मैकल पर्वत से निकल कर यहां पर संगम हुआ है ।यह स्थल प्राचीन काल से ही अपनी प्रसिद्धि मिली हुई है ।उल्लेखनीय है कि इसके प्रसिद्धि त्रेता युग से जुड़ा हुआ है बताया जाता है कि इसी स्थल पर भगवान राम ने वनवास काल में अपने पूज्य पाद स्वगीर्य दशरथ जी को इसी घाट मे पिर्त तर्पण किया था । इस स्थान में पाली विकास खंड में भगवान कार्तिकेय का मंदिर, इसके उत्तर में जोहिला नदी के किनारे मानपुर के मझौली तरफ भगवान गणेश और पूर्व दिशा में सोन के किनारे राम भक्त अंजनी नंदन हनुमान जी की मंदिर स्थापित थी। बताया जाता है कि इन मंदिरों का निर्माण वर्ष 1944 से शुरू हुआ और 1947मे पूर्ण हुआ था इसका निर्माण कैल्हारी गांव के छक्कड केवट ने कराया था । राम भक्त हनुमान मंदिर और गणेश मंदिर काल चक्र में देख रेख के अभाव में जीर्ण शीर्ण होकर गिर गये, वर्तमान में सिर्फ अवशेष देखे जा सकते हैं, लेकिन कार्तिकेय भगवान के मंदिर का जीर्णोद्धार वर्ष 2018 मे जनक राज गिरी जी जूना अखाड़ा वाले महाराज जी ने कराया ।रामलला स्थापना के पावन अवसर पर यहां पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पूजा आराधना करते हुए अखंड रामायण पाठ और भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हजारों की तादाद में लोगो ने भाग लिया ।इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती आशा सिंह , अभय सिंह , सचिव महावीर सिंह , केवट परिवार और मंदिर के पूजारी जी की सहभागिता सराहनीय रही। ग्रामीणों का उत्साह आनन्द को दुगुणित कर रहा है ।

### युवाओं ने हरिहर मंदिर परिसर में 1100 दीप प्रज्वलित कर मनाया उत्सव

**बिरसिंहपुर पाली-** अयोध्या में श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शा.रणविजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया के प्राचार्य महोदय जे निर्देश में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई उमरिया के स्वयंसेवकों व युवा टीम उमरिया सदस्यों द्वारा हरिहर मंदिर परिसर में श्री राम जी की भव्य रंगोली बनाकर 1100 दीप प्रज्वलित कर उत्सव मनाया गया। उत्सव में पाली एसडीएम टीआर नाग, पाली एसडीओपी शिवचरण बोहित, थाना प्रभारी मदन लाल मरावी, नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अरविंद शाह बरकड़े के मुख्य उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम टीआर नाग व पाली एसडीओपी शिवचरण बोहित ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि बहुत सुंदर श्री राम जी रंगोली बनाकर कर दीप प्रज्वलित कर उत्सव बनाया गया है ।उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान सभी के लिए उदाहरण स्वरुप हैं ।प्रभु श्री रामचंद्र जी के जीवन से हमें धैर्य, संयम, न्याय, समझदारी और समर्पण की प्रेरणा मिलती है। उनके जीवन में हमें एक शक्तिशाली नेता, एक भक्त, और एक उदार मानव का नमूना मिलता है। उनके जीवन से हमें सीख मिलती है कि जीवन की कठिनाइयों का सामना करना और उन्हें पार करना महत्वपूर्ण है।थाना प्रभारी मदन लाल मरावी व एनएसएस अधिकारी डॉ.अरविंद शाह बरकड़े ने कहा कि भगवान राम को सीधे तौर पर एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया जा सकता है जो उत्तम नैतिक और सामाजिक व्यवहार प्रदर्शित करता है। स्वामी विवेकानन्द के शब्दों में, भगवान राम ₹सत्य, नैतिकता, आदर्श पुत्र, आदर्श पति और सबसे बढ़कर, आदर्श राजा₹ के अवतार हैं। वह बुराई पर अधिकार की जीत का प्रतीक है। इस दौरान एनएसएस वालंटियर हिमांशु तिवारी, खुशी सेन,अमृता सिंह,शिखा बर्मन, स्वाति त्रिपाठी, विधित विश्वकर्मा, राहुल सिंह,अभिषेक साहू,सौरव पांडेय,श्रेयांशी सिंह,रितिक गुप्ता एवं सभी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मांसाहारी पदार्थ के क्रय विक्रय पर रहा प्रतिबंध

**कटनी।** सोमवार को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं 26 जनवरी शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर्व होने के कारण समस्त मांसाहारी पदार्थ मुर्गी, मछली आदि का क्रय विक्रय बंद रहेगा । अतः समस्त दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक सोमवार को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं शुक्रवार को गणतंत्र दिवस पर्व होने के कारण मांसाहारी पदार्थ ना बेच न खरीदें न पकाये। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### आंगनबाड़ियों में रहा अवकाश

**कटनी।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों एवं मिनी आंगनबाड़ियों में 22 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है । राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस सबंध में आदेश जारी कर दिया है ।

### महाराष्ट्र के सोलापुर में फंसे श्रमिकों की सुरक्षित वापसी

**कटनी।** महाराष्ट्र राज्य में कटनी जिले के मुश्किल परिस्थितियों में फंसे श्रमिकों की वापसी हो रही है। ये सभी श्रमिक बहोरीबंद क्षेत्र के है। कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयासों से एक बार फिर बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम टिकरिया एवं कुम्हरवारा के करीब 23 श्रमिक वापस आ रहे हैं। श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा ने बताया कि इन सभी श्रमिकों को गन्ना कटाई हेतु महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के अंतर्गत अक्कलकोट तालुका के घोणस गांव में किसी ठेकेदार द्वारा ले जाया गया था,उन सबकी सुरक्षित वापसी हो रही है। क्षेत्रीय विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडेय द्वारा श्रमिकों के महाराष्ट्र में फसे होने की जानकारी कलेक्टर को दी गई थीद्य कलेक्टर के संज्ञान में जानकारी आते ही जिला प्रशासन ने गंभीर प्रयास किया और सभी श्रमिकों को वापस बुलाने के प्रयास किये गये, और सम्बंधित जिला प्रशासन सोलापुर महाराष्ट्र से सीधे संपर्क कर सभी को वापस भेजनें का अनुरोध किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि श्रमिकों से चर्चा अनुसार सभी श्रमिक महाराष्ट्र के सोलापुर रेलवे स्टेशन से इटारसी के लिए रविवार सुबह ट्रेन पकड़ चुके है। सभी श्रमिकों के सोमवार सुबह तक कटनी पहुंचने की सम्भावना हैद्य श्रम पदाधिकारी श्री मिश्रा, श्रमिकों के बराबर संपर्क में बने हुए हैं।

### पेट में मृत बच्चे को निकालकर बचाई गाय की जान

**कटनी।** उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं डा आर के सिंह ने बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर पीरबाबा में एक गाय जिसके पेट मे बच्चा मृत हो गया था, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सौरव पांडेय,राकेश कुशवाहा,अतुल भुजिया एवं गौसेवक संतलाल ने बच्चे को बाहर निकालकर आवारा गाय की जान बचाई।

### जिले की 10 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा

**कटनी।** भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में आयोजित की जा रही है। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 22 जनवरी 2024 को जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कन्नौर, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत पटौरी व मझगवां, पहुंचेगी।

---

**उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया रामोत्सव**

# कड़ाके की ठंड पर आस्था की सुनामी पड़ी भारी



अयोध्या में भव्य दिव्य राम मंदिर में श्री रामलला के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जिले के हर गांव और नगर के मंदिरों, धार्मिक स्थलों, आश्रमों आदि स्थानों पर जगह-जगह विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में स्थानीय जनों के साथ-साथ बुजुर्गों, युवा, महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सुबह से ही सम्पूर्ण जिले में धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिरों में पूजन-अर्चन, विशेष अनुष्ठान, भजन, संकीर्तन, हवन, श्री राम पाठ के साथ ही भण्डारे का आयोजन किया गया। जगह-जगह धार्मिक स्थलों को फूलों से रंग बिरंगी लाइटिंग कर सजाया गया था। गांव-गांव, नगर-नगर ध्वज पताकाएं लहराती दिखीं। भक्ति से सराबोर श्रद्धालुओं ने अपने वाहनों में ध्वज पताकाएं लहराईं। महिलाओं ने देव स्थलों के साथ ही घरों में रंगोली सजाई।

## अयोध्या के कार्यक्रम का जगह-जगह हुआ सजीव प्रसारण



### व्यवस्था रही चुस्त दुरूस्त

स्थानीय प्रशासन द्वारा विशेष स्वच्छता के प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों तथा पुलिस की तैनातगी देखी गई। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारी मैदानी भ्रमण करते दिखे।



**अनूपपुर।** जिले के विभिन्न स्थानों पर सुबह प्रभात फेरी और कलश यात्राएं आयोजित की गईं। जिले के मंदिरों तथा विभिन्न प्रमुख स्थानों पर अयोध्या धाम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण को टीवी/एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। सुबह से ही देव स्थलों में रामधुन के सुमधुर स्वर गूंजते रहे, भण्डारा व प्रसाद वितरण जगह-जगह किए गए। कड़ाके की ठंड पर आस्था की सुनामी भारी पड़ते दिखी। सुबह से ही में जगह-जगह तैयारी की जा रही थी पूरे जिले को दुल्हन जैसा सजाया गया था। ऐसा लग रहा था कि जिले मे जनवरी माह में ही दीपावली का उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। जिले में आयोजित रामोत्सव कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, मध्यप्रदेश राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की।

### चारों ओर पटाखे की गूंज



शाम होते-होते चारों ओर पटाखे की गूंज व आसमान में पटाखे की चमक नजर आने लगी थी। ऐसा लग रहा था कि मानो आज ही दिवाली है इस बात की उत्सुकता सबसे अधिक बच्चों में रही उन्हें आज के दिन दिवाली की तरह पटाखे फोड़ने का अवसर जो मिला था। शाम से ही छोटे-छोटे पटाखे लेते दुकानों में बच्चे अभिभावकों के साथ नजर आए नगर के घरों दुकानों में लोगों ने साज सज्जा करते हुए दीपावली की तरह मोमबत्ती और दीपक जलाए। वही शाम को चल झांकी का आयोजन किया गया।

## जिले का हर गांव और नगर हुआ अयोध्या धाम

### अमरकंटक में उमड़ा जन आस्था का सैलाब



पवित्र नगरी मां नर्मदा की उद्गम स्थली अमरकंटक में 22 जनवरी के ऐतिहासिक अवसर पर श्री रामलला के अयोध्या स्थित भव्य मंदिर के गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठित किए जाने के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। अमरकंटक में पिछले एक सप्ताह से विभिन्न प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन किए गए। संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से तीन दिवसीय श्री रामलीला समारोह का आयोजन कराया गया तथा श्री राम दरबार की भव्य झांकी तथा अयोध्या के श्री रामलला मंदिर की प्रतिकृति मां नर्मदा मंदिर उद्गम स्थल से ढोल-ताशों, आतिशबाजी और ध्वज पताका तथा गगनभेदी जयघोष के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा ने नगर भ्रमण कर नव चेतना जागृत की। शोभा यात्रा में संतगण, पुजारी, धमार्चार्यों, नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा पत्रकारों के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा शामिल रहे। नर्मदा उद्गम मंदिर ट्रस्ट के बैनर तले स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भक्तिमय प्रस्तुति देकर सबको भावविभोर कर दिया। नर्मदा मंदिर तथा परिसर व अन्य देव स्थलों, आश्रमों, शासकीय कार्यालय आदि में शानदार लाईटिंग, साज-सज्जा की गई थी। नर्मदा मंदिर बहुत ही मनोरम नजर आ रहा था। नर्मदा मंदिर के मुख्य द्वार सहित समूह मंदिरों की अलग-अलग तरह से लाईटिंग की गई थी। नर्मदा के तट रामघाट में रामोत्सव के अवसर पर सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीपों की माला से जन आस्था का प्रगटीकरण हुआ।

### कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा



प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले भर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सुबह से ही में जगह-जगह भंडारे आयोजित करने की तैयारी की जा रही थी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें किसी ने आलू बंडा किसी ने खीर तो किसी ने हलवा पूरी तो किसी ने चावल दाल सब्जी कढ़ी का प्रसाद भंडारे के रूप में वितरण किया। कोतमा थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में अखंड मानस के उपरांत थाना परिसर में पुलिस के द्वारा भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद लिया वही अमरकंटक मे श्री नर्मदा मंदिर में सुबह से ही विशेष पूजन अर्चन प्रात कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन समिति के द्वारा किया गया जिसमें लगभग हजारों की संख्या में राम भक्त गढ़ मां नर्मदा के प्रांगण में भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

---

# 152 मरीजों का हुआ इलाज, 190 रोगियों ने कराया पंजीकरण



### मिर्गी रोगियों के लिये पुष्पराजगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**राजेन्द्रग्राम।** 20 जनवरी को जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर के तत्त्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में एम्स नई दिल्ली की न्यूरो साइंस प्रोफेसर एवं प्रख्यात मिर्गी रोग विशेषज्ञ डॉ. ममता भूषण के द्वारा 152 मिर्गी मरीजों का इलाज किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को 1 माह की दवाई भी प्रदान करते हुए नियमित दवाई खाने की सलाह दी गई डॉक्टर ममता भूषण ने उपचार के दौरान मरीजों को बताया कि मिर्गी रोगियों को दवाई लगातार सही डोज के साथ लेते रहना है तभी इस रोग को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह मस्तिष्क की एक पुरानी गैर-संक्रामक बीमारी है जो सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है। दुनिया भर में लगभग 50 मिलियन लोगों को मिर्गी है, जो इसे विश्व स्तर पर सबसे आम न्यूरोलॉजिकल बीमारियों में से एक बनाती है। मिर्गी से पीड़ति लगभग 80% लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि मिर्गी से पीड़ति 70% लोग यदि उचित निदान और इलाज किया जाए तो दौरे से मुक्त रह सकते हैं। मिर्गी से पीड़ति लोगों में समय से पहले मौत का जोखिम सामान्य आबादी की तुलना में तीन गुना अधिक होता है। कम आय वाले देशों में रहने वाले मिर्गी से पीड़ति तीन चौथाई लोगों को वह इलाज नहीं मिल पाता जिसकी उन्हें जरूरत है। दुनिया के कई हिस्सों में, मिर्गी से पीड़ति लोग और उनके परिवार कलंक और भेदभाव से पीड़ति हैं। जनस्वास्थ्य सहयोग गनियारी के डॉक्टर पंकज तिवारी बताते है कि मिर्गी दुनिया की सबसे पुरानी मान्यता प्राप्त स्थितियों में से एक है, भय, गलतफहमी, भेदभाव और सामाजिक कलंक ने सदियों से मिर्गी को घेर रखा है। यह कलंक आज भी कई देशों में जारी है और यह बीमारी से पीड़ति लोगों और उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता पर प्रभाव डाल सकता है।

### शिविर के दौरान मरीजों का किया गया काउंसलिंग

मरीजों की काउंसलिंग करते हुए एम्स के डॉक्टर मयंक एवं हेमंत ने मिर्गी रोग के संकेत और लक्षणों के बारे में बताया साथ ही उन्हें झटके के दौरान क्या करना चाहिए, क्या नही करना चाहिए, क्या सावधानियां रखनी चाहिए इसके बारे में पूरे शिविर के दौरान बार -बार विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि जब भी किसी को मिर्गी के झटके आए तो वो घबराए नहीं बल्कि सबसे पहले आस पास के नुकीले वस्तु, पत्थर, या जिससे मरीज को चोट लग सकती है उसे हटा दे और उसे करवट करके सहजता से लिटाए जिससे उनके मुंह से निकलने वाले लार बाहर की तरफ आ जाए झटके के दौरान कई लोग जूता सुंघाना, मुंह में चम्मच डालना, या प्याज सुंघाना जैसे उपाय करते हैं उन्हें ऐसा नही करना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई तरीके की भ्रांतियां है मिर्गी से संबंधित मिथक (झूठी मान्यता या विचार) अभी भी समुदाय में मौजूद हैं। दुर्भाग्य से, मिर्गी के बारे में जागरूकता की कमी कलंक और भेदभाव में योगदान कर सकती है। यह कुछ लोगों को अपनी मिर्गी के बारे में बात करने में असहज भी कर सकता है, यह कोई जादू टोना नहीं, इस मिर्गी रोग को सही इलाज के साथ ठीक किया जा सकता कई बच्चे अपनी पढ़ाई इस दौरान छोड़ देते हैं उन्हें रोजाना स्कूल जाने के लिए भी प्रेरित किया और उनके माता पिता को भी रोजाना स्कूल भेजने के बारे में समझाया गया।

### दूरदराज से भी पहुंचे मरीज

मिर्गी रोगियों के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अनूपपुर जिले के साथ साथ शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, छत्तीसगढ़, तक से लोग इलाज कराने पहुंचे शाम के वक्त हल्की बारिश होने के कारण 38 मरीज सिर्फ पंजीयन कराने के बाद वापस चले गए। मिर्गी रोगियों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने हेतु जिले के कलेक्टर अशीष वशिष्ट जी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अशोक अवधिया और आर.पी.सोनी जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस शिविर के नोडल रहें डॉ. शिवेंद्र द्विवेदी ने कार्यक्रम का सफल संयोजन किया , साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ स्तर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस. के. सिंह जी बीपीएम राकेश कर्ष जी की मुख्य भूमिका रही स्वास्थ्य विभाग से बीसीएम आनंद सोनी, बीईई सरला पड़वार, डॉ. वंदना आर्य, डॉ.उदित पाल सिंह, डॉ. कुशवाहा फार्मासिस्ट धीरज साहू , ज्ञानप्रकाश, एस डी जैतवा, मनोज सिंह, रेखा तिवारी, विमला सोनी, अंजू कुशवाहा,शैल जायसवाल, विजय सोनी, भीमेश्वर सिंह, आर के मिश्रा, महेन्द्र सिंह, बी के कुशवाहा सुशील तिवारी,मिथलेश सिंह, उपेन्द्र बैगा, जगत सिंह मरावी, सुनील पनिका आदि कर्मचारी साथी उपस्थित रहकर सराहनीय सहयोग किया।



## डूमरकछार में सीसी सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का मंत्री ने किया भूमिपूजन

**अनूपपुर।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामलला के भव्य एवं दिव्य मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर नगर परिषद डूमरकछार अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत भजन, कीर्तन, शोभायात्रा के साथ ही अयोध्या के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष कंचना मेहता, समाजसेवी प्रेमचंद्र यादव, आधाराम वैश्य, रवि सिंह, जितेन्द्र चौहान, रंजीत वर्मा, बिड्डू कृष्णानंद शर्मा, महेश चौहान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र कुशवाहा, उपयंत्री शिवराम इड़पाचे, श्रीमती सुनीता सिंह, राजेश कलशा, बृजमोहन सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने इस अवसर पर नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड क्र. 01 से 09 के मध्य कायाकल्प अभियान 2.0 के अंतर्गत सीसी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य लागत 52 लाख का भूमिपूजन किया गया।

---

### प्रभारी अधिकारी परसेलकला में आयोजित कार्यक्रम में होंगी शामिल

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के भारत सरकार से अनूपपुर जिले के लिए नियुक्त जिले की प्रभारी अधिकारी भारत सरकार के स्टील मंत्रालय की संचालक श्रीमती नेहा वर्मा 23 जनवरी को जिला प्रवास के दौरान पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत परसेलकला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होंगी तथा शाम 4:30 बजे से एसडीएम कार्यालय पुष्पराजगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक करेंगी। संबंधित विभागों के जिला प्रमुखों से कार्यक्रम स्थल तथा बैठक में अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

### संकल्प यात्रा का आज दैखल, फुनगा तो कल बुढ़ानपुर में होगा आयोजन

**अनूपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जनपदवार निर्धारित रूट अनुसार 17 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक आयोजन के तारतम्य में 16 दिसम्बर 2023 को जिन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों को स्थगित किया गया था। उन ग्राम पंचायतों में विभिन्न तिथियों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 23 जनवरी को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत दैखल तथा जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत फुनगा, 24 जनवरी को जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर एवं 25 जनवरी को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत खमरौध में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## सुबह टहल कर लौट रहे दो भाईयों को कार ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

### दतिया से आ रही थी कार, वाहन सहित चालक हिरासत में

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग से मॉर्निंग वॉक से घर लौट रहें दो सगे भाइयों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फुनगा चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राज्य मार्ग 43 पर पयारी बस स्टैंड के पास दो भाई ग्राम कदम टोला निवासी 26 वर्षीय सुभाष साहू एवं 32 वर्षीय सुशील साहू सुबह टहल कर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान ग्राम पयारी बस स्टैंड के पास दतिया से छग के कोरिया जिले जा रही तेज रफ्तार कार क्र. सीजी 16 सीआर 5272 ने दोनो भाईयों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों भाई पयारी बस स्टैंड के पास मेडिकल संचालित करते थे। चालक ने बताया कि छग के कोरिया जिले से मप्र के दतिया में पोखर महाराज के दर्शन कर वापस लौट रहें थे। फुनगा चौकी प्रभारी प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि घटना के बाद वाहन वा चालक कन्हैलाल साहू को हिरासत लेते हुए पूछतांछ की जा रहीं हैं। मृतकों का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।



